The Gadgil Formula was adopted since the inception of the Fourth Five Year Plan (1969—74). At present the Planning Commission is examining the suggestions/ comments of the Chief Ministers for further revision of the Formula, which was last revised in 1991 with the approval of National Development Council.

विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण-कार्य का आकलन

3335. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:**
श्रीमती शबाना आजमी:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मार्च, 1998 में निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण-कार्य की स्थिति का आकलन किया है।

(ख) यदि हां, तो निर्माणाधीन परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी थी तथा उनकी मूल निर्माण लागत कितनी थी और इस समय अनुमानित निर्माण लागत कितनी है; और

(ग) इनमें से उन परियोजनाओं की संख्या कितनी हैं जिन्हें पूरा करने के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) जी हां।

(ख) मार्च, 1998 तक 465 परियोजनाएं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के प्रबोधन पर थीं। इन परियोजनाओं की मूल तथा अनुमानित लागत क्रमशः 1,28,352.5 करोड़ रूपए तथा 1,76,096.5 करोड़ रुपए है।

(ग) 450 परियोजनाओं में से 381 परियोजनाओं के लिए पर्याप्त निधियों की व्यवस्था कर दी गई है क्योंकि उनकी तरफ से निधियों के अभाव का उल्लेख नहीं किया गया है।

Growth targets for industrial and agricultural sector

3336. SHRI GOVINDRAM MIRI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government had fixed the growth targets for industrial and agricultural sectors in the country for the year 1996-97 and 1997-98;

(b) if so, the achievements made in this regard;

(c) the target fixed for growth rate for industrial and agricultural sector in the year 1998-99; and

(d) the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS, THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION) (SHRI RAM NAIK): (a) to (d) The target growth rates are not fixed annually. However, the growth target for agriculture and industrial sector were fixed at 3.8 per cent per annum and 7.4 per cent per annum repsectively in the Eighth Five Year Plan (1992—97) and 4.5 per cent per annum and 9.5 per cent per annum respectively in the Draft Ninth Plan (1997—2002), prepared at the internal meetings of the Planning Commission. The realised growth rate in 1996-97 as per quick estimates of Central Statistical Organisation (CSO) is 7.9 per cent in agriculture and 6.8 per cent in industry. The growth rate for 1997-98 as per advanced estimates of CSO are (−) 2.0 per cent and 6.1 per cent for agriculture and industry respectively.

वार्षिक विकास दर का घटाया जाना

3337. **श्रीमती शबाना आजमी:**
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वार्षिक विकास की पूर्व प्रस्तावित 7 प्रतिशत की दर को घटाने का विचार कर रही है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ग) विकास की वार्षिक दर को कम करने के क्या कारण हैं और इस संबंध में अंतिम रूप से निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है?